पावरग्रिड POWERGRID

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग हेतु

पावरग्रिड को अंतर्राष्ट्रीय सीएसआर सम्मान

गुरुग्राम, 24.11.2023: विद्युत मंत्रालय के अधीन महारत्न सीपीएसयू पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड) को कार्बन न्यूट्रल प्रेजेंटेशन समारोह में "सीएसआर वर्ल्ड लीडर 2023" और "इंटरनेशनल सीएसआर एक्सीलेंस-2023" पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इस समारोह का आयोजन दिनांक 20 नवंबर, 2023 को संसद भवन, पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर, लंदन में ग्रीन ऑर्गनाइजेशन द्वारा किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार पावरग्रिड के निदेशक (कार्मिक) डॉ. यतींद्र द्विवेदी ने प्राप्त किया।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति पावरग्रिड की प्रतिबद्धता और वैश्विक स्तर पर इसके प्रभाव की सराहना के लिए पावरग्रिड को यह सम्मान दिया गया। पावरग्रिड भारत का एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम है जिसे विश्व के 500 से अधिक नामांकित कम्पनियों की प्रतिस्पर्धा में इस अंतरराष्ट्रीय मान्यता से सम्मानित किया गया है।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पावरग्रिड के व्यवसाय मॉडल में अंतर्निहित है। पावरग्रिड संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के सामंजस्य में और अपनी सीएसआर पहलों के साथ देश भर में आर्थिक और सामाजिक विकास के क्षेत्र में लगातार योगदान दे रहा है। सीएसआर हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाते हुए, कंपनी अपने सभी हितधारकों के साथ परामर्श करती है और उनसे जुड़ती है।

निगम को समाज में अपने योगदान के लिए मान्यता मिलने पर गर्व है और वह दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए तत्पर है।

Issued by:

Team Corporate Communications
Follow us on twitter: @pgcilindia
www.powergrid.in
e-mail: powergrid.pr@powergrid.co.in